Non-lifting of Raw Materials lying with Minerals and Metals Trading Corporation

6484. SHRI S. M. KRISHNA: Will the Minister of COMMERCE be pleasd to state:

(a) whether Government have any proposal over the non-lifting by trade and industry of imported raw materials lying with canalised agencies like the Minerals and Metals Trading Corporation;

(b) whether there is any proposal to cut import replenishment licences issued to actual users; and

(c) if so, facts thereof?

THE MINISTER OF COMMERCE AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) There is no specific proposal before Government about non-lifting of imported material by the industry as these are commercial stocks. However, corrective action by way of increasing allocation and regulating inflow of material is taken whenever the inventory of any imported raw material reaches high level.

(b) and (c) There is no such proposal under consideration at present.

बनारसी साड़ी उद्योग का विकास

6485. श्री निहाल सिंह : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बनारसी साड़ी उद्योग को गम्भीर संकट का सामना करना पड़ रहा है और क्या सरकार को बनारसी साड़ी कर्मकार संघ से इस बारे में कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(ख) बनारसी साड़ी उद्योग में कितने व्यक्ति लगे हुए हैं और सरकार इसके विकास के लिए क्या प्रयास कर रही है ?

वाणिज्य तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) : (क) सरकार को बनारसी साड़ी उद्योग में किसी गम्भीर संकट की जानकरी नहीं है । उसे उपरोक्त संबंध में बनारसी साड़ी कर्मकार संघ से कोई अभ्यावेदन भी प्राप्त नही हुआ है ।

(ख) हथकरघा निदेशक, उत्तर प्रदेश से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बनारसी साड़ी उद्योग लगभग 2 लाख व्यक्तियों को रोजगार देता है ।

सरकार ने, बनारसी साड़ी उद्योग के विकास के लिए बहुत से उपाय आरम्भ किए हैं । समुचित कीमतों पर धागा सप्लाई करने के लिए तथा बुनकरों से तैयार माल खरीदने के लिए संस्थागत प्रबन्ध किए गए हैं । इसके अतिरिक्त, रेशम का बढ़िया माल तैयार करने के लिए सिधोरा तथा बड़ागांव (वाराणसी) में 75-75 करघे वाले दो माडल उत्पादन केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं । हथकरघा सहकारी क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाएं अर्थात् बुनकरों को शेयर पूंजी ऋण प्राथमिक समितियों को सुदृढ़ करने के लिए शेयर पूंजी भागीदारी, शीर्ष समिति को सुदृढ़ करने के लिए शेयर पूंजी भागीदारी, वैतनिक सचिवों की नियुक्ति के लिए प्रबन्ध उपदान, तथा सहकारी क्षेत्र में बुनकरों के करघों का आधुनिकीकरण, बनारसी साड़ी उद्योग पर भी समान रूप से लागू होती हैं । प्रशिक्षण तथा तकनीकी सहायता के लिए वाराणसी में एक बुनकर सेवा केन्द्र और भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान है ।